16.09.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

# प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करेगा, कहा– मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- कल से होगी प्रदेश भर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत।
- भारतीय टीम ने पुरुष हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई।
- प्रदेश के कई हिस्सों में कल तेज बारिश होने के आसार हैं। 38 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

## मुख्यमंत्री–गुजरात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के गांधीनगर में ग्लोबल रिन्यूएवल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो में शामिल हुए। इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि रिन्यूवल एनर्जी का समय चल रहा है। मध्य प्रदेश ऐसा राज्य है, जो नवकरणीय ऊर्जा में तीनों फॉर्मेट में काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नवकरणीय उर्जा की दिशा में हो रहे कामों की चर्चा की–

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने प्रदेश में अगले साल फरवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए भी इस सेक्टर के निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य दिया है, प्रदेश इस लक्ष्य को हासिल करेगा। चौथे ग्लोबल रिन्यूएवल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एवं एक्सपो (री–इंवेस्ट–24) में मध्य प्रदेश के साथ ही आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष समिट के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भागीदारों में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं।

## स्वच्छता सेवा ही अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में शुरू हुए स्वच्छता अभियान में प्रदेश कई कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। प्रदेशवासियों ने पूरे उत्साह और जन–सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र में नये आयाम भी स्थापित किये हैं। इसमें जहां एक ओर 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश को सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा मिला, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया है। एक पखवाड़े तक चलने वाले अभियान के पहले दिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सभी जिला चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ भी करेंगे। यह कदम प्रदेश के नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हो रहा अभियान दो अक्टूबर राष्ट्पिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान की थीम "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" रखी गयी है। इसमें अधिक से अधिक जन–भागीदारी और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। खंडवा, रायसेन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और सीहोर सहित सभी जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सरकार–कर्मचारी चयन आयोग

केंद्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग–एसएससी को अलग–अलग स्तरों की परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों को स्वैच्छिक रूप से आधार प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने परिक्षार्थियों को आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में और पंजीकरण पोर्टल पर प्राथमिक पंजीकरण–ओटीआर के समय आधार प्रमाणीकरण के लिए अनुमति दी है। एक राजपत्रित अधिसूचना में, कार्मिक एक प्रशिक्षण विभाग ने एसएससी को इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा बनाए गए सभी नियम व कानूनों का पालन करने के लिए कहा है। यह बदलाव परीक्षार्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में जालसाजी और धोखाधड़ी की घटनाओं के बाद हुए हैं।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गयी है। भारत ने चीन के हुलुनबोइर में हुए सेमीफाइनल मैच में दक्षिण कोरिया 4–1 गोल से हराया। भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। 13वें मिनट उत्तम सिंह ने पहला गोल किया था। इसके अलावा जर्मनप्रीत सिंह ने भी गोल किया। दक्षिण कोरिया के लिए जिहुन यांग ने एकमात्र गोल दागा। इस टूर्नामेंट में भारत ने अभी तक खेले अपने सभी मुकाबलों में जीत हासिल की है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का सामना मेजबान टीम चीन से होगा। चीन ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया है। भारत इस टूर्नामेंट का डिफेंडिंग चैंपियन भी है।

गणेश विसर्जन

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के तहत प्रतिमाओं के विसर्जन आज से शुरू हो गया हैं। भोपाल में गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस सतर्क है। सभी विसर्जन घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गोताखोर और पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात होंगे। बड़ी मूर्तियों को क्रेन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया जाएगा। वहीं, शहर में जुलूस रूट पर कुंड के अलावा स्टॉल भी लगेंगे।

ईद–मिलाद–उन–नबी

ईद–मिलाद–उन–नबी का त्योहार प्रदेश भर में आज हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पैगम्बर मोहम्मद के जीवन और उनके शिक्षाओं के बारे में बताया जाता है। राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने मिलाद–उन–नबी त्योहार की प्रदेशवासियों खासकर मुस्लिम भाइयों को बधाई और शुभकमानाएं दीं।

मौसम

प्रदेश के कई हिस्सों में कल से तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सिंगरौली, सीधी, रीवा, मउगंज, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और मैहर समेत 50 जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा सतना, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, दमोह, सागर छतरपुर और पांडुर्णा जिलों में तेज आंधी और गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो गया है। अगले 24

घंटे के दौरान इसका असर प्रदेश पर पड़ेगा, जिससे पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में कहीं–कहीं और रीवा, शहडोल संभागों के जिलों में कई स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई।

<u>समाचार संक्षेप में ....</u>

- खण्डवा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी कल दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा।
- आगरमालवा कृषि विज्ञान केंद्र में पोषक प्रबंधन विषय पर कल एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ.आर.पी.एस शक्तावत ने संतरे फसल में पोषक प्रबंधन, किट–व्याधि प्रकोप के प्रबंधन के विषय मे विस्तार से जानकारी दी।
- बैतूल में कल मुस्लिम समाज के युवक युवतियों का सामूहिक विवाह इज्तिमाई शादी का आयोजन करीबी धार्मिक स्थल उमरी में किया गया। इसमें एक दर्जन जोड़ों का निकाह कराया गया।